तापमान

अधिकतम 37 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 29 .0 डिग्री से.

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार 15 अगस्त 2026

10 विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के लिए रवाना हुए

15 जैन गर्ल्स कॉलेज में तीज की रौनक

## 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए जिले में तैयारियां पूरी

# पुलिस लाइन में उद्योग मंत्री फहराएंगे तिरंगा उपमंडलों में विधायक होंगे मुख्य अतिथि

गोहाना में कृष्णा गहलावत, गन्नौर में देवेंद्र कादियान और खरखौदा में पवन खरखौदा करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला स्तरीय समारोह गोहाना रोड स्थित पुलिस लाइन में आयोजित होगा। यहां हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह बतौर मुख्य अतिथि पहुंचेंगे और राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। समारोह में देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों के साथ स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों के बलिदान को याद किया जाएगा। जिले के तीनों उपमंडलों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्य रूप से आयोजित किए जाएंगे। गोहाना में विधायक कृष्णा गहलावत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर तिरंगा फहराएंगी। गन्नौर में विधायक देवेंद्र कादियान समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। वहीं खरखौदा में विधायक पवन खरखौदा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इन समारोहों में बड़ी संख्या में नागरिकों के शामिल होने की उम्मीद है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और गौरव का प्रतीक है। नागरिक समारोहों में बढ़-चढ़कर भाग लें और देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करें।

**सोनीपत।** स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के लिए तैयार किया गया पंडाल।

■

समारोह में देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों के साथ स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों के बलिदान को याद किया जाएगा

## सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 31 नाकों पर पुलिस ने संभाला मोर्चा

**सोनीपत।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सोनीपत पुलिस ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सुरक्षा एजेंसियों के साथ पुलिस की टीमों ने होटल, ढाबों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर जांच अभियान चलाया। देर शाम दिल्ली की ओर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। हाईवे पर जाम न लगे, इसके लिए पहले से तैयार रूट प्लान के अनुसार वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से बाहरी दिल्ली की तरफ भेजा गया। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर जिले में 31 नाके लगाए गए हैं। पुलिसकर्मी हर वाहन की जांच के बाद ही उसे आगे जाने दे रहे हैं। रातभर पुलिस, राइडर, पीसीआर और डायल-112 की टीमें गश्त करती रहीं। होटल संचालकों को ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान दर्ज करने और बिना पहचान पत्र कमरा नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं। खरखौदा में गुप्तचर विभाग के क्षेत्र प्रभारी उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, सहायक क्षेत्राधिकारी एएसआई संजय कुमार, सिक्योरिटी से एएसआई राजेश कुमार और थाना खरखौदा से हेड कांस्टेबल सुदीप कुमार ने होटल व रेस्टोरेंट की जांच की। भारी वाहनों को गन्नौर, मुरथल, बहालगढ़ और खरखौदा से वैकल्पिक मार्गों पर भेजा गया। बड़ी थाना पुलिस ने गन्नौर फ्लाईओवर से वाहनों को खुबड़ू झाल की ओर डायवर्ट किया। मुरथल पुलिस ने सोनीपत होकर समानांतर नहर मार्ग से वाहन निकाले। बहालगढ़ पुलिस ने यूपी से आने वाले वाहनों को सोनीपत होकर वैकल्पिक मार्ग दिया। कुंडली और खरखौदा पुलिस ने भी दिल्ली जाने वाले वाहनों को रोककर दूसरे मार्गों से रवाना किया।

### दिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, रूट डायवर्ट

स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा को लेकर व्यापक कदम उठाए गए हैं। सुरक्षा में किसी तरह की कोताही सहन नहीं होगी। वाहनों को रोककर जांच के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है। भारी वाहनों के दिल्ली में प्रवेश से रोक के चलते उनके रूट पहले से ही डायवर्ट कर दिए गए थे।

-**ममता सिंह**, पुलिस आयुक्त सोनीपत

## बिचपड़ी का युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**गोहाना।** पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान बिचपड़ी गांव निवासी आशीष उर्फ पीए के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। क्राइम यूनिट गोहाना की टीम गुरुवार को गोहाना-सफीदों मार्ग पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बिचपड़ी गांव का आशीष अवैध हथियार लेकर पैदल अपने गांव की ओर आएगा। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव के पास निगरानी शुरू कर दी। कुछ समय बाद आशीष पैदल गांव की तरफ आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह अचानक वापस जाने लगा। इस पर पुलिस कर्मचारियों ने उसे शक के आधार पर काबू कर लिया।पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस ने हथियार को कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## सामान के पैसे मांगने पर कथूरा में दुकानदार पर चाकू से हमला

**गोहाना।** गांव कथूरा में उधार के रुपये मांगने को लेकर हुए विवाद में गांव के एक युवक ने दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपित ने दुकानदार के पिता के साथ गाली-गलौज की और बाद में दुकान में घुसकर चाकू से दुकानदार की कमर पर वार कर दिया। बचाव करने पर उसके पिता पर भी चाकू से हमला करने का प्रयास किया गया। कथूरा के नैतिक ने पुलिस को वह पिता तस्वीर के साथ गांव में किराणा की दुकान चलाता है। गांव का सुमित उनकी दुकान से उधार में सामान लेता था और उस पर करीब छह-सात हजार रुपये बकाया थे। कई बार रुपये मांगने के बावजूद वह समय देता रहा और बाद में दूसरी दुकान से सामान लेने लगा। सुमित सामने वाली दुकान से सामान लेने आया। इस दौरान तस्वीर ने उससे उधार के रुपये मांगे तो गाली-गलौज की और ईंट मारकर वहां से चला गया। कुछ समय बाद सुमित उनकी दुकान पर चाकू लेकर पहुंचा। उसने नैतिक की कमर पर चाकू से वार कर दिया। पिता तस्वीर ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपित ने उन पर भी हमला करने की कोशिश की। नैतिक के प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

**बी.पी.एड. (B.P.Ed.) में दाखिला आरंभ**

**पी.टी.आई. तथा डी.पी.ई. (शारीरिक शिक्षा निदेशक) के पद पर होगी नियुक्ति**

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) से मान्यता प्राप्त एवं इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी (IGU) से सम्बद्ध महाराणा प्रताप कालेज ऑफ़ एजुकेशन, धनौन्दा (ब्लाक - कनीना), जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) में सत्र 2026-28 हेतु बी.पी.एड. (B.P.Ed.) (डी.पी.ई. कोर्स) में दाखिला आरम्भ हो गया है। बी.पी.एड. में प्रवेश हेतु स्नातक में 50% अंक तथा राज्य स्तर का खेल का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। एस.सी. विद्यार्थियों को सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी सीधे कॉलेज में दाखिला ले सकते है तथा www.mpcoekanina.com व कॉलेज फोन नं. 9467834482, 8053910428 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (Advt.)

# श्रद्धांजलि : भगत फूल सिंह-सुभाषिणी देवी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के संस्कारम सभागार में शुक्रवार को भगत फूल सिंह का 84वां बलिदान दिवस एवं पद्मश्री बहन सुभाषिणी देवी का 112वां जयंती वर्ष समारोह का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवि की कुलगुरु प्रो. सुदेश ने भगत फूल सिंह जी के आदर्शों और बहन सुभाषिणी देवी के शिक्षा एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण को नमन करते हुए छात्राओं से उनके जीवन-मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कुलगुरु प्रो. सुदेश ने हवन में पूर्णाहुति दी।

गोहाना। वार्षिक पत्रिका 'सुभाषिता' के तृतीय अंक का विमोचन करते कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य। फोटो : हरिभूमि

प्रो. सुदेश ने भगत फूल सिंह की प्रतिमा और बहन सुभाषिणी देवी के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है, जब वह व्यक्ति में ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन, संवेदनशीलता और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करे। शिक्षिका संपा आर्य ने छात्राओं को भगत फूल सिंह एवं बहन सुभाषिणी देवी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। सुभाषिणी देवी शोध पीठ द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका 'सुभाषिता' के तृतीय अंक और शोध पीठ द्वारा निर्देशित 'डिजिटल इन्स्टा सीरीज' का विमोचन किया गया। शोध पीठ की निदेशिका प्रो. डेजी ने अपने संबोधन में शोध पीठ की विभिन्न गतिविधियों एवं प्रकाशनों की जानकारी दी। लेखक एवं प्रख्यात पत्रकार संजीव पालीवाल कुलसचिव प्रो. (डॉ.) शिवालिक यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, वरिष्ठ प्राध्यापक, विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## बत्रा क्लिनिक में चोरी, छत के गेट से घुसे चोर

**गन्नौर।** बेगा रोड स्थित बत्रा क्लिनिक में चोरों ने रात के समय धावा बोल दिया। मुह पर कपड़ा बांध कर चोर छत पर लगे गेट के रास्ते क्लिनिक में घुसे और अंदर लगे शीशे के दरवाजे को तोड़कर सामान में तोड़फोड़ की। चोर क्लिनिक में रखी दवाइयां बिखेर गए और गौशाला की दान पेटी तोड़कर उसमें रखे रुपये चोरी कर ले गए। चोरी की घटना क्लीनिक में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। क्लिनिक संचालक रविंद्र कुमार ने बताया कि वह वीरवार शाम करीब आठ बजे क्लिनिक बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह जब क्लिनिक खोला तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। शीशे टूटे हुए थे और दवाइयां इधर-उधर बिखरी हुई थीं। क्लिनिक में गौशाला के लिए रखी दान पेटी भी टूटी हुई थी और उसमें रखी नकदी गायब थी।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल पर एसडीएम कार्यालय परिसर में रोपे पौधे

**खरखौदा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम के अनुसार एसडीएम कार्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम अनिल कुमार भारद्वाज, तहसीलदार बिजेंद्र सिंह ने पौधों की त्रिवेणी लगाई। त्रिवेणी में पीपल, बरगद और नीम के पौधे शामिल थे। डब्ल्यूसीडीपीओ खरखौदा कार्यालय के अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पौधारोपण अभियान में शामिल हुई। कार्यालय से तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भारत माता की जय के नारे लगाए। डब्ल्यूसीडीपीओ नीलम ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे।

## ट्रैक्टर को लेकर विवाद के बाद फायरिंग, दो के खिलाफ केस

**गन्नौर।** गांव पांची जाटान में ट्रैक्टर से कार निकालने को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद फायरिंग करने का मामला सामने आया है। थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पांची जाटान के राजबीर ने बताया कि 13 अगस्त की शाम वह अपने ताऊ के बेटे प्रवीन उर्फ काला के साथ खेत में गया था। उसी दौरान गांव के जसबीर और सागर उर्फ काशी ने फोन कर अपनी कीचड़ में फंसी कार निकालने के लिए ट्रैक्टर लाने को कहा। प्रवीन द्वारा मना करने पर दोनों ने फोन पर गाली-गलौज की। शिकायत के अनुसार रात करीब आठ बजे गांव लौटने के बाद गली के मोड़ पर जसबीर और सागर ने राजबीर को रोक लिया और उसके साथ हाथापाई की। राजबीर किसी तरह बचकर निकल गया। कुछ देर बाद दोनों आरोपित पिस्तौल लेकर गली में पहुंचे। इसी दौरान सागर ने राजबीर को पकड़ लिया और दोनों जमीन पर गिर पड़े। राजबीर ने सागर की जेब से पिस्तौल निकाल ली ताकि वह गोली न चला सके। तभी जसबीर ने अपनी पिस्तौल से राजबीर पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। हाथ लग जाने के कारण गोली उसे नहीं लगी और वह बाल-बाल बच गया। जब ग्रामीण मौके पर आए तो दोनों आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर थाना गन्नौर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से एक खाली कारतूस का खोल बरामद किया गया।




# जैन गर्ल्स कॉलेज में तीज की रौनक

■ रानी कादियान ने छात्राओं के साथ झूले का आनंद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सीसीएएस जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज में शुक्रवार को तीज उत्सव-2026 हरियाणवी संस्कृति और परंपराओं के रंग में मनाया गया। छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर तीज की लोक परंपराओं को जीवंत किया। विधायक देवेंद्र कादियान की पत्नी रानी कादियान ने छात्राओं के साथ झूला झूलकर कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि तीज हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा पर्व है। सीसीएएस जैन एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष आनंद जैन मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने की।

गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान की पत्नी रानी कादियान का प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

खरखौदा विधानसभा क्षेत्र में
विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प
आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस,
हरियाली तीज
एवं
रक्षाबंधन
की
हार्दिक
शुभकामनाएं!
15th August
मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के
"एक पेड़ माँ के नाम" अभियान को आगे बढ़ाते हुए
व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया तथा हजारों पौधे लगाए गए।
हरियाणा सरकार ने राज्य में 2.10 करोड़ पौधे ल लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और पौधों के संरक्षण व निगरानी पर विशेष जोर दिया है।
पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल एवं संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़कर यह लक्ष्य हरियाणा के निर्माण में योगदान दिया जा रहा।
विधायक
पवन खरखौदा
नरेश पाराशर
मंडल अध्यक्ष, खरखौदा
शवित ठेकेदार
जिला सचिव, युवा मोर्चा
अशोक कुमार
मंडल महामंत्री खरखौदा
दीपक पिपली
शवित केंद्र प्रमुख
पौधा लगाएं - पर्यावरण बचाएं - आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संवारें

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस,
तीज, रक्षाबंधन व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेश पाराशर
मण्डल अध्यक्ष
वेदपाल दहिया
वरिष्ठ कार्यकर्ता
कर्मबीर पांचाल
आईटी प्रकोष्ठ प्रभारी
डॉ. यशवीर मटिण्डू
मण्डल सचिव, भाजपा, खरखौदा
8708485793

आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
तीज, रक्षाबंधन
व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की
हार्दिक
शुभकामनाएँ
संजय पंवार
पार्षद, वार्ड नं. 9,
नगरपालिका, खरखौदा
9896435747

संजीव दहिया
जिला अध्यक्ष ग्रामीण सोनीपत
दीपेन्द्र हुड्डा
सांसद रोहतक
आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
तीज, रक्षा बन्धन एवं
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की
हार्दिक शुभकामनायें
सुनील दहिया
ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण खरखौदा
प्रवीन सैनी
ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहरी खरखौदा


जननायक
चौ. देवीलाल
लौहपुरुष
चौ. ओमप्रकाश चौटाला
चौ. अभय सिंह चौटाला
सुनैना चौटाला
आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
चुनाव चिन्ह
चश्मा
तीज, रक्षाबंधन
व
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की
हार्दिक
शुभकामनाएँ
देवेन्द्र दहिया
इनेलो जिला महासचिव, सोनीपत
9813451000